लापरवाही | जिम्मेदार मौन, अब लोग खुद हटा रहे जानलेवा बैनर, आंधी-तूफान के बाद क्षतिग्रस्त हुए थे होर्डिंग्स

राहगीरों को डरा रहे लोहे की रॉड वाले बैनर-पोस्टर

नवभारत,जबलपुर। दो तीन पहले शहर में तेज बारिश के साथ चली आंधी-तूफान के बाद नौदरा ब्रिज, शास्त्री ब्रिज और अन्य महत्वपूर्ण चौकों में लगे विज्ञापन के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग अब लोगों को डराने लगे हैं। इसकी मुख्य वजह तूफान के बाद ये बैनर, पोस्टर, होर्डिंग आधे लटक चुके हैं। स्थानीयजनों व राहगीरों को पल पल इस बात का डर सता रहा है कि कहीं लोहे की रॉड में लगे ये बैनर पोस्टर रॉड सहित चलते दोपहिया वाहन चालकों के ऊपर या सामने अचानक न आ जाएं जिससे दुर्घटना घटित हो जाए।

ऐसे में अभी सड़क के दो फिट हिस्से को घेरकर लटके बैनरों की वजह से वहां से गुजरने वाले खासकर दो पहिया वाहन सवारों को परेशानी झेलना पड़ रही है। हालात यह हैं कि स्थानीय नागरिकों और गार्ड द्वारा अब खुद ही ही अब सेंट्रल लाइट के बिजली के खम्भों में आड़े तिरछे लटके बैनरों, पोस्टरों एवं कटाउटों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। जबकि सड़कों पर बाधा बने हुए बैनर पोस्टरों को हटाने की असली जिम्मेदारी नगर निगम की होनी चाहिए।

ये एक बड़ा सवाल

विज्ञापन से संबंधित बिजली के पोलों, यूनिक पोलों में टंगाये जाने वाले बैनर, कटाउट जो कि तेज आंधी की वजह से क्षतिग्रस्त होकर आधी सड़क तक लटक चुके हैं और इन्हें उन्हे जिम्मेदार विभाग नगर निगम कब हटवायेगा यह एक बड़ा सवाल है।

पेड़ों का भी बुरा हाल, डगालें आईं नीचे

जानकारी के अनुसार गोलबाजार स्थित एक निजी अस्पताल के सामने गिरा हुआ पेड़ व यादव कॉलोनी, छोटी ओमती सहित शहर के विभिन्न मार्गों के बिजली के पोलों पर आड़े तिरछे लटके बैनर पोस्टर इस बात की गवाही भी दे रहे हैं जिम्मेदारों को शहर की चाक चौबंद व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं है। खबर है कि कुछ दिन पहले शहर में चली आंधी-तूफान के बाद शहर में कुछ जगह उन पेड़ों का हाल भी बुरा है जिनकी डगालें बिल्कुल जमीन पर आकर सट गईं हैं। लेकिन निगम द्वारा अभी उसे हटाया नहीं गया है।

खंडहर सरकारी क्वार्टर की दीवार गिरने से मलबे में दबे युवक की मौत

जबलपुर। बरगी नगर थाना अंतर्गत मनकेड़ी क्षेत्र में रविवार को सरकारी खंडहर आवास की दीवार गिरने से 40 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब मृतक अपने रिश्तेदार के साथ वहां ईंटें लेने गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मनकेड़ी निवासी धनीराम झारिया (40) अपने बहनोई छोटेलाल के साथ ट्रैक्टर लेकर सिंचाई विभाग के पुराने क्वार्टरों के पास गया था। धनीराम वहां से ईंटें निकालकर ट्रैक्टर में लोड कर रहा था। तभी अचानक जर्जर हो चुकी दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। मलबे का वजन इतना अधिक था कि धनीराम को संभलने का मौका ही नहीं मिला और वह उसके नीचे पूरी तरह दब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन करते हुए मर्ग कायम किया । चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 11 बजे का है। दीवार गिरने से धनीराम झारिया की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

खंडहर बन चुके हैं वीआईपी रेस्ट हाउस और आवास

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग द्वारा कई वर्ष पहले यहाँ कार्यालय, कर्मचारी आवास और वीआईपी रेस्ट हाउस बनाए गए थे। देखरेख के अभाव में अब ये पूरी तरह खंडहर हो चुके हैं। विभाग द्वारा इन जर्जर इमारतों को न तो गिराया गया और न ही यहाँ सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए, जिसके कारण एक जान चली गई।

मिलीभगत से चोरी, ठेकेदार की पतासाजी

खंडहर क्वाटर की सामग्री चोरी कराने वाले ठेकेदार की भी पतासाजी कराई जा रही है । सूत्रों की माने तो यह खेल अधिकारी, कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा था । परिजनों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ठेकेदार के कहने पर मृतक वहां से ईट उठाने गया था।

व्हीएफजे में चार्जमैन ने काम के तनाव में लगाई फांसी

मचा हड़कंप, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत वाहन निर्माणी (व्हीएफजे) में रविवार शाम 57 वर्षीय चार्जमैन ने काम के तनाव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। कार्यस्थल में कर्मचारी द्वारा सुसाइड किए जाने से हड़कंप मच गया था।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार डॉ. बोस की गली न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी सैमसन मार्टिन का वाहन निर्माणी में चार्जमैन के पद पर पदस्थ था और पिछले एक साल से सिविल मेंटेनेंस का काम देख रहा था। रविवार को निर्माणी में अवकाश होने के चलते उन्हें आवश्यक कार्य के लिए ड्यूटी पर बुलाया गया था। व्हीकल फैक्ट्री के अंदर चार्ज मैन सैमसंन मार्टिन ने सीएमएस सैक्टर के अंदर फांसी लगा लिया। ठेकेदार गणेश कुमार सिह ने सहकर्मियों के साथ जाकर देखा तो सैमसन मार्टिन मरे के अंदर रस्सी से फांसी पर लटका था जिसकी मौत हो चुकी थी । शाम करीब 5:25 बजे व्हीकल फैक्टी सुरक्षा सुपरवाईजर पंकज कुमार 42 वर्ष ने सूचना पुलिस को मामले की सूचना दी। मृतक द्वारा यह आत्मघाती कदम जाने के बाद हड़कंप मच गया है तो वहीं दूसरी और परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि घर से काम पर जाने निकला उनका मुखिया अब इस दुनिया में नहीं रहा। परिजनों में चीत्कार के साथ मातम पसरा हुआ है। फैक्ट्री में भी तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गई है।

छानबीन शुरू, दर्ज हो रहा है बयान

मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और सहकर्मियों व परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है ताकि स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट किया जा सके। पुलिस का कहना है कि बयान दर्ज होने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

सुसाइड नोट में लिखा... नहीं हो पा रहा काम

सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि नोट में मृतक ने काम और मानसिक तनाव का जिक्र किया है। उन्होंने सुसाइड नोट में लिखा है कि वे काम और वर्क ऑर्डर को पूरा करने में असमर्थ महसूस कर रहे थे, जिसके कारण वे काफी समय से तनाव में थे। साथ ही यह भी लिखा मैं किसी को दोष नहीं दे रहा हूं, मुझसे वर्क आर्डर का काम नहीं कर पा रहा हूं जिसके चलते इतना परेशान हूं कि खाना भी नहीं खा पा रहा हूं और तनाव में हूं इसी के चलते में सुसाइड कर रहा हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है।

जबलपुर में लाखों की चोरी, सिंगरौली में बजा सिक्योरिटी अलर्ट

सूने मकान में चोरी, कैमरे में दिखे चोर, 5 लाख के जेवर पार

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत अर्नव विहार में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात पार कर दिए। घर मालिक को चोरी की भनक सिंगरौली में बैठे-बैठे मोबाइल में बजे सिक्योरिटी अलर्ट के जरिए लगी, लेकिन जब तक परिजन मौके पर पहुँचते, चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद से जाँच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गढ़ा निवासी सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके छोटे भाई राहुल मिश्रा (34) अर्नव विहार स्थित प्लॉट नंबर 40 में रहते हैं। राहुल 20 मार्च को अपने परिवार के साथ ऑफिस के काम से घर में ताला लगाकर सिंगरौली गए थे। रविवार सुबह करीब 4 बजे राहुल के मोबाइल पर होम सिक्योरिटी सिस्टम का अलर्ट मैसेज आया। जब उन्होंने तुरंत सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की, तो घर के अंदर अज्ञात व्यक्ति घुसता हुआ दिखाई दिया।

लॉक टूटा, गृहस्थी अस्त-व्यस्त मिली

राहुल ने तत्काल अपने भाई सौरभ को फोन कर घटना की जानकारी दी। सौरभ स्थानीय लोगों के साथ जब अर्नव विहार स्थित भाई के घर पहुँचे, तो मुख्य दरवाजे का लॉक टूटा हुआ मिला। घर के अंदर का नजारा अस्त-व्यस्त था अलमारी का सारा सामान बाहर बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी में रखे राहुल और उनकी पत्नी के पुराने सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे, जिनकी अनुमानित कीमत 4 से 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए

वारदात की सूचना मिलते ही तिलवारा पुलिस, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंच गई। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से चोरों की उंगलियों के निशान और अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की शिनाख्त की जा रही है। राहुल मिश्रा के वापस आने पर चोरी गए सामान की विस्तृत सूची तैयार की जाएगी।

भाजपा के स्वामी विवेकानंद मंडल, आचार्य विद्यासागर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत,जबलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के बाद जबलपुर महानगर अंतर्गत स्वामी विवेकानंद मंडल एवं आचार्य विद्यासागर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है।लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह , भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, उत्तर विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन के. साथ सभी जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों मंडलो के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

स्वामी विवेकानंद मंडल की कार्यकारिणी

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की सहमति से घोषित की गई स्वामी विवेकानंद मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष अमर पटैल, उपाध्यक्ष दिनेश केवट, गोपाल तिवारी, विवेक जैन, सचिन सकूजा, राहुल रैकवार, महामंत्री राहुल बेन, दीपांशु पाठक, मंत्री बलराम पटैल, संतोष सोंधिया, विजयलक्ष्मी द्विवेदी, कमल जैन, अर्चना यादव, राधा झारिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्रपुरी गोस्वामी, राहुल पटैल सहकोषाध्यक्ष, ममता पटैल सह कोषाध्यक्ष, मनोज दुबे प्रचार मंत्री, सूरज सोंधिया सह प्रचार मंत्री, नागेश कुलकर्णी कार्यालय मंत्री, स्नेहा ज्योति सिंह सह कार्यालय मंत्री, अनुज रजक मीडिया प्रभारी, नरेश अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी, मोहित श्रीवास आईटी प्रभारी, राजा जैन सोशल मीडिया प्रभारी, दीपांशु श्रीवास्तव सह सोशल मीडिया प्रभारी के नाम शामिल हैं।

आचार्य विद्यासागर मंडल की कार्यकारिणी...

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की सहमति से घोषित की गई आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष दिलीप पटैल, उपाध्यक्ष प्रशांत महानूर, नितिन कुमार पांडे, राजकुमार केशरवानी, नरेंद्र खरे, अभय कुमार, प्रसन्न सोनी, महामंत्री कल्पना तिवारी, राहुल जैन, मंत्री आकाश साहू, आशीष साहू, मीना नामदेव, शशांक जैन, अरविंद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, शैलेष पटैल कार्यालय मंत्री, नीतू केशरवानी सह कार्यालय मंत्री, प्रभात यादव कोषाध्यक्ष, सुलभ ताम्रकार सह कोषाध्यक्ष, वैभव मांडले सोशल मीडिया प्रभारी, राकेश गुप्ता, ज्योति अहिरवार सह सोशल मीडिया , सोनू सराफ आईटी, शशांक पांडे सह आईटी, आरती तिवारी प्रचार मंत्री, नवीन नेमा सह प्रचार मंत्री के नाम शामिल हैं।

बदमाश ने दो भाइयों को चाकू से गोदा

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत बहोराबाग इलाके में शनिवार रात चाय पीने जा रहे एक युवक से इलाके के ही एक बदमाश ने पार्टी के नाम पर रुपयों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने युवक और उसके बड़े भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें लहुलूहान कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहोराबाग रोड निवासी 21 वर्षीय तौसिफ अंसारी पेशे से वेल्डिंग का काम करता है, शनिवार रात करीब 8:30 बजे घर से चाय पीने के लिए निकला था। जैसे ही वह डॉक्टर सेन वाली गली के पास पहुँचा, वहां पहले से मौजूद सोहेल अली ने उसे रोक लिया। सोहेल ने तौसिफ से पार्टी करने के लिए 500 रुपये मांगे। जब तौसिफ ने रुपये देने से इंकार किया, विवाद बढ़ते ही आरोपी सोहेल अली ने चाकू निकाला और तौसिफ पर हमला कर दिया, जिससे उसकी कमर के नीचे गंभीर चोट आई। छोटे भाई को बचाने के लिए बड़ा भाई चिन्टू उर्फ सैफुल इस्लाम मौके पर पहुँचा और बीच-बचाव की कोशिश की। इस पर आरोपी और उग्र हो गया और उसने सैफुल के हाथ और कंधे पर भी चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

अज्ञात वाहन ने रौंदा, युवक की मौत

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत समद पिपरिया के पास रविवार दोपहर अज्ञात वाहन चालक ने मोटर सायकिल सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आ गई जिसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक श्रीमती राजकुमारी बर्मन 30 वर्ष निवासी ग्राम खिरैनी तना बरगी ने सूचना दी कि रविवार को उसका भाई मिथुन बर्मन 25 वर्ष काम करने के लिये गॉव के दिनेश बर्मन के साथ अपनी मोटर सायकिल से बिलहरी के लिये निकला था। दोपहर 12-30 बजे भाई मिथुन का समद पिपरिया के पास एक्सिडेंट हो गया अज्ञात वाहन की टक्कर से मिथुन को चोटें आ गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गये, सड़क दुर्घटना में आयी चोटो के कारण मिथुन की मौत हो गई । पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

तिलवारा थाना अंतर्गत सत्य रक्षा होटल के सामने हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की रविवार सुबह इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।जानकारी के अनुसार शहपुरा थाना क्षेत्र के झांसीघाट निवासी मधोकी मल्लाह 42 वर्षीय मधोकी बीते 14 मार्च को अपनी मोपेड क्रमांक एमपी 20 एस एस 0713 से सब्जी बेचने जबलपुर आया था। रात करीब 11 बजे जब वह वापस अपने घर लौट रहा था, तभी सत्य रक्षा होटल के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घायल मधोकी मल्लाह को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके सिर, जबड़े और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। पिछले 8 दिनों से उनका उपचार चल रहा था, लेकिन रविवार सुबह करीब 7 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के भतीजे कन्हैया मल्लाह 32 वर्ष ने तिलवारा थाने में घटना की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर मर्ग कायम कर लिया गया है और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

कायाकल्प | यात्री ले रहे है सेल्फी....

रंग रोगन के बाद नया हुआ पुराना रेल का डिब्बा

जंग लगा रेल का डिब्बा बना शराबियों का

नव भारत खबर का असर

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र 6 के बाहर खड़ा छोटी लाइन का सवारी डिब्बा अब अपने असली स्वरूप में आ चुका है। रंग रोगन के साथ साथ मेंटेनेंस का कार्य हो जाने के बाद यह डिब्बा एकदम नया प्रतीत हो रहा है। जिसके चलते जबलपुर स्टेशन से यात्रा करने आने वाले यात्री भी इस डिब्बे के साथ खड़े होकर सेल्फी लेते देखे जा सकते हैं। वही रेल अधिकारियों की माने तो इस डिब्बे का रंग रोगन हो जाने के बाद इसका दूसरी चीज़ों के लिए भी उपयोग किया जाएगा।

दिखा खबर का असर

बता दे कि नवभारत द्वारा जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र 6 के बाहर असामाजिक तत्वों का अड्डा बने और जंग लगे डिब्बे को लेकर विगत 1 मार्च को खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद रेलवे का अमला हरकत में आया और तत्काल ही इस डिब्बे के मेंटेनेंस का कार्य शुरू करबाया था। मालूम हो कि प्लेटफार्म के बाहर खड़े रेल कोच असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था। इस कोच को यहां यात्रियों के आकर्षण का केंद्र बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। लेकिन यह कोच आकर्षक कम और पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गया था।इस कोच के गेट पर सुरक्षा न होने के कारण यहाँ शराबियों और अपराधियों का जमावड़ा लग रहा था।

जमीनी विवाद को लेकर परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच घायल

जबलपुर। गढ़ा अंतर्गत इंदिरा बस्ती में रविवार सुबह मकान और जमीन के मालिकाना हक को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें पिता पुत्र समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 66 वर्षीय राजेंद्र विश्वकर्मा पेशे से ड्राइवर हैं। सुबह करीब 7 बजे जब उनकी पत्नी प्रेमलता घर के बाहर बर्तन धो रही थीं, तभी उनकी बहू कविता विश्वकर्मा वहां आई और बिना वजह मारपीट शुरू कर दी। राजेंद्र जब बीच-बचाव करने पहुंचे, तो उनका बेटा तारकेश्वर विश्वकर्मा हाथ में डंडा लेकर आया और अपने ही पिता पर हमला कर दिया। इस हमले में राजेंद्र और उनकी पत्नी के हाथ-पैर व शरीर में चोटें आई हैं। जब छोटी बहू खुशबू बचाने आई, तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसे पीठ में चोट लगी है। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरी ओर 42 वर्षीय तारकेश्वर विश्वकर्मा ने भी अपने पिता और भाई के खिलाफ काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तारकेश्वर का कहना है कि वह नजूल की भूमि पर मकान बनाकर रहता है, जिसका टैक्स उसकी पत्नी के नाम पर आता है। उसके पिता राजेंद्र और भाई जुगल किशोर अक्सर उसे मकान खाली करने के लिए प्रताड़ित करते हैं। तारकेश्वर के अनुसार सुबह इसी बात को लेकर उसके पिता और भाई ने मिलकर उसके और उसकी पत्नी पर डंडे व मुक्कों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें पैर और कमर में चोटें आई हैं।

भेड़ाघाट में दो पक्ष भिड़े

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम चौकीताल में शनिवार रात मामूली बात पर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि कु. सुहानी चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लकी पटेल और राहुल पटेल ने उनके पिता के साथ अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से लकी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार चौधरी शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर सुहानी, चंदन और अन्य ने उनके घर आकर सीने और पीठ पर मुक्कों से हमला किया।

संजय प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

नवभारत, जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र में जबलपुर से संजय यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्त पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज के साथ सभी जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।